सेवा उद्देश्य:–कर्त्तव्य को कर्त्तव्य समझकर कार्य करना, जरूरतमंद को त्वरित न्याय प्रदान करना, महिलाओं व बच्चों के प्रति संवेदनशीलता, अपराधी का मनोविज्ञान समझते हुए उचित कार्यवाही करना।

नाम	ममता सारस्वत
पिता का नाम	श्री वेद प्रकाश ओझा
माता का नाम	श्रीमती नानू देवी ओझा
पति का नाम	श्री सुरेश सारस्वत
जन्म तिथि	08.01.1978
शैक्षणिक योग्यता	M.A., B.Ed
पूर्व अनुभव	महिला बाल विकास विभाग में परियोजना अधिकारी
अभिरुचि	पुस्तकें पढ़ना
पता	3/282, पुराना हाऊसिंग बोर्ड, सूरतगढ़, जिला –श्रीगंगानगर
मोबाइल नं.	9829864052
ई–मेल आई. डी.	mamtasaraswat078@gmail.com

सेवा उद्देश्य:– एक अच्छे पुलिस अधिकारी व एक अच्छे इंसान के रुप में खुद को स्थापित करना मेरा उद्देश्य व सपना है।

आर पी एस बैच संख्या 47

नाम	दिनेश कुमार यादव
पिता का नाम	श्री रामसिंह यादव
माता का नाम	स्व. श्रीमती लाली देवी
पत्नि का नाम	श्रीमती प्रियंका यादव
जन्म तिथि	10.01.1978
शैक्षणिक योग्यता	M.A., M.Phil (Hindi)
पूर्व अनुभव	व्याख्याता कॉलेज शिक्षा, सहायक वाणिज्यिक कर अधिकारी
अभिरुचि	साहित्यिक पुस्तकें पढ़ना
पता	गाँव– सुरजपुरा, पोस्ट – चाँदपुर, तहसील – मुण्डावर जिला – अलवर
मोबाइल नं.	9929228716
ई–मेल आई. डी.	dinesh0159@gmail.com

सेवा उद्देश्य:–मेरा पुलिस में आने का प्रमुख उद्देश्य सामाजिक प्रतिष्ठा के साथ–साथ सामाजिक सेवा करना रहा है। किसी के आँखो में आँसू खत्म करने में सफल रहा तो यह मेरे जीवन की चरम सार्थकता व परिणीति होगी। अन्याय के प्रतिकार की लड़ाई में सबसे सहायक केवल एक मात्र पुलिस सेवा है और मै चाहता हूँ इसी माध्यम से मै अन्याय व शोषण के खिलाफ अपना योगदान प्रदान कर सकता हूँ।

नाम	पारस सोनी
पिता का नाम	श्री पीराराम सोनी
माता का नाम	श्रीमती हवा देवी
पत्नि का नाम	श्रीमती सरोज सोनी
जन्म तिथि	08.04.1982
शैक्षणिक योग्यता	M.Sc., B.Ed
पूर्व अनुभव	अध्यापक वर्ष–2005–11 तक एवं बी.डी.ओ. वर्ष 2011–16
अभिरुचि	ग्रामीण विकास के बारे में वार्तालाप करना
पता	गाँव/पोस्ट – अरनीयाली, तहसील – धोरीमन्ना जिला – बाड़मेर
मोबाइल नं.	9829048627
ई–मेल आई. डी.	parasbmr@gmail.com

सेवा उद्देश्य:– अच्छे पुलिस अधिकारी के रुप में स्वयं को स्थापित कर आमजन में विश्वास एवं अपराधियों मे भय स्थापित करना।

आर पी एस बैच संख्या 47

नाम	सन्तोषी कुमारी मीना
पिता का नाम	श्री धर्मसिंह मीना
माता का नाम	श्रीमती धनबाई मीना
पति का नाम	डॉ. राहुल मीना
जन्म तिथि	07.02.1984
शैक्षणिक योग्यता	M.A., M. Phil
पूर्व अनुभव	सहायक वाणिज्यिक कर अधिकारी
अभिरुचि	सामाजिक मुद्दों से जुड़ाव
पता	गाँव/पो0 – सिकरोदा, तहसील–हिण्डौन सिटी जिला – करौली
मोबाइल नं.	7073271255
ई–मेल आई. डी.	rsmeena27@gmail.com

सेवा उद्देश्य:–महिलाओं और बच्चों के लिए कार्य करना तथा विशेषकर बालक/बालिकाओं जिनसे बालश्रम करवाया जा रहा है उन्हें बालश्रम से मुक्त कराना।

नाम	रोशन लाल पटेल
पिता का नाम	श्री शंकर लाल पटेल
माता का नाम	श्रीमती पार्वती बाई पटेल
पत्नि का नाम	श्रीमती चेतना पटेल
जन्म तिथि	04.04.1976
शैक्षणिक योग्यता	M.A. (History), NET, SET,
पूर्व अनुभव	विद्यालयी शिक्षण (10 वर्ष)
अभिरुचि	भ्रमण, वृक्षारोपण
पता	गाँव – कानपुर खेड़ा, पोस्ट– कानपुर, तहसील– गिर्वा जिला – उदयपुर
मोबाइल नं.	9414343725
ई–मेल आई. डी.	rpsroshanpatel4476@gmail.com

सेवा उद्देश्य:–पुलिस के प्रति जनता में जो नकारात्मक छवि बनी हुई है उसे सकारात्मक बनाना और जनता व पुलिस में सामंजस्य बैठाना ताकि समाज में होने वाले अपराधों को न्यूनतम किया जा सके और भयमुक्त व अपराधमुक्त देश व समाज का निर्माण हो सके।

आर पी एस बैच संख्या 47

नाम	जसवीर मीणा
पिता का नाम	श्री जमना लाल मीणा
माता का नाम	स्व. श्रीमती रामकन्या देवी
पत्नि का नाम	श्रीमती अनिता मीणा
जन्म तिथि	06.11.1980
शैक्षणिक योग्यता	M.A., NET
पूर्व अनुभव	ए.एस.आई., कॉलेज लेक्चरर, राज. लेखा सेवा (2011)
अभिरुची	क्रिकेट खेलना, बॉलीबॉल खेलना
पता	गाँव/पोस्ट–जोलन्दा तहसील – मलारना डूंगर जिला – सवाई माधोपुर
मोबाइल नं.	9414552550
ई–मेल आई. डी.	jasveermeena06@gmail.com

सेवा उद्देश्य :–समाज के कमजोर वर्गों को अपराधियों के भय से मुक्त कर उन्हें समाज की मुख्य धारा में लाते हुये भेदभाव मुक्त, समता युक्त एवं अपराध मुक्त समाज की स्थापना कर राज्य एवं राष्ट्र निर्माण को सुदृढ़ करना।

Profiling of Batch

Age Profile

Age Group	No. of Trainees
25-30 yrs.	07
30-35 yrs.	17
35-40 yrs.	13
40-45 yrs.	05
45 & Above	03

Gender Profile

Sex	No. of Trainees
Male	33
Female	12

Academic Profile

Education Qualification	No. of Trainees
Graduate	06
Post Graduate	39
Ph.D	04
NET-JRF	19
SET/SLET	12
M.Phil	06
M.B.A.	04
M.Ed	01
B.Ed	15
Others	B.E.-1, C.S.-1, PGDMM-1, LLB-1

''मेरा देश जल रहा, कोई नहीं बुझाने वाला''

घर–आंगन में आग लग रही, सुलग रहे वन–उपवन,
दर दीवारें चटख रही हैं जलते छप्पर–छाजन।
तन जलता है, मन जलता है, जलता जन–धन–जीवन,
एक नहीं जलते सदियों से जकड़े गर्हित बंधन।
दूर बैठकर ताप रहा है, आग लगाने वाला,
मेरा देश जल रहा, कोई नहीं बुझाने वाला।

भाई की गर्दन पर भाई का तन गया दुधारा,
सब झगड़े की जड़ है पुरखों के घर का बंटवारा।
एक अकड़कर कहता अपने मन का हक ले लेंगे,
और दूसरा कहता तिल भर भूमि न बँटने देंगे।
पंच बना बैठा है घर में फूट डालने वाला,
मेरा देश जल रहा कोई नहीं बुझाने वाला।

दोनों के नेतागण बनते अधिकारों के हामी,
किन्तु एक दिन को भी हमको अखरी नहीं गुलामी।
दानों को मोहताज हो गए दर–दर बने भिखारी,
भूख, अकाल, महामारी से दोनों की लाचारी।
आज धार्मिक बना धर्म का नाम मिटाने वाला,
मेरा देश जल रहा कोई नहीं बुझाने वाला।

होकर बड़े लड़ेंगे यों यदि कहीं जान मैं लेती,
कुल–कलंक–संतान सौर में गला घोंट मैं देती।
लोग निपूति कहते पर यह दिन न देखना पड़ता,
मैं न बन्धनों में सड़ती छाती में शूल न गढ़ता।
बैठी यही बिसूर रही माँ, नीचों ने घर घाला
मेरा देश जल रहा कोई नहीं बुझाने वाला।

भगत सिंह, अशफाक लालमोहन, गणेश बलिदानी,
सोच रहे होंगे हम सबकी व्यर्थ गई कुरबानी।
जिस धरती को तन की देकर खाद खून से सींचा,
अंकुर लेते समय उसी पर किसने जहर उलीचा।
हरी–भरी खेती पर ओले गिरे, पड़ गया पाला,
मेरा देश जल रहा, कोई नहीं बुझाने वाला।

जब भूखा बंगाल तड़प मर गया ठोककर किस्मत,
बीच हाट में बिकी तुम्हारी माँ–बहनों की अस्मत।
जब कुत्तों की मौत मर गए बिलख–बिलख नर–नारी,
कहाँ गई थी भाग उस समय मरदानगी तुम्हारी।
तब अन्यायी का गढ़ तुमने क्यों न चूर कर डाला,
मेरा देश जल रहा कोई नहीं बुझाने वाला।

पुरखों का अभिमान तुम्हारा, और वीरता देखी।
राम–मुहम्मद की संतानों, व्यर्थ न मारो शेखी।
सर्वनाश की लपटों में, सुख शांति झोंकनें वालों,
भोले बच्चे, अबलाओं के छुरा भोंकने वालों।
ऐसी बर्बरता का इतिहासों में नहीं हवाला,
मेरा देश जल रहा कोई नहीं बुझाने वाला।

घर–घर माँ की कलख पिता की आह, बहन का क्रंदन,
हाय, दुधमुँहे बच्चे भी, हो गए तुम्हारे दुश्मन ?
इस दिन की खातिर ही थी शमशीर तुम्हारी प्यासी ?
मुँह दिखलाने योग्य कहीं भी रहे न भारतवासी।

हंसते हैं सब देख गुलामों का यह ढंग निराला
मेरा देश जल रहा कोई नहीं बुझाने वाला।
जाति–धर्म, गृह–हीन युगों का नंगा–भूखा–प्यासा,
आज सर्वहारा तू ही है एक हमारी आशा।
ये छल छंद शोषकों के हैं कुत्सित, ओछे, गन्दे,
तेरा खून चूसने को ही ये दंगों के फंदे।
तेरा एका गुमराहों को राह दिखाने वाला,
मेरा देश जल रहा कोई नहीं बुझाने वाला।

लोकेन्द्र दादरवाल
आरपीएस (प्रो0) बैच संख्या–47

'' ऐ हवा कभी तो मेरे दर से गुजर''

कभी समंदर किनारे नर्म, ठंडी रेत पर बैठे हुए, डूबते हुए सूरज को निहारना ओर फिर यूँ लगे कि मन भी उसी के साथ हो लिया हो। इस दुनिया की उथल–पुथल से दूर, बहुत दूर और पा लेता कुछ सुकून भरे लम्हें।

किसी पहाड़ी की चोटी पर बने मंदिर की सीढ़ियाँ पैदल चढ़कर जाना और दर्शनोपरांत उन्हीं सीढ़ियों पर कुछ देर बैठकर वादी की खूबसूरती को आँखों से पी जाना। बयां करते–करते थक जाना मगर चुप होने का नाम न लेना। मगर इन सबके बीच जब तन्हाई आकर डस जाये तो कुछ दर्द के साये उमड़ने लगते हैं और ना चाहते हुए भी ख्वाबों का ताना–बाना कुछ इस तरह सामने आता है :–

ऐ हवा कभी तो मेरे दर से गुजर
देख कितनी महकी यादें संभाली हैं मैंने,
संग तेरे कर जाने को, हवा हो जाने को।

ऐ बहार कभी तो इधर भी रूख कर
देख कई गुलाब मैंने भी रखे थे कभी,
किताबों में मुरझाने को।

ऐ चाँद थोडी चाँदनी की इनायत कर
कई छाले मैंने भी सजा कर रखे है,
बेजान बदन तड़पाने को
रूह का दर्द छिपाने को।

ऐ चिराग घर में कुछ तो रोशनी कर,
कई बार आशियाँ जलाया है मैंने,
उजाला पास बुलाने को,
अँधेरा दूर बुलाने को।

ऐ शाम ना जा, जरा कुछ देर ठहर,
अक्सर रात को पाया है मैंने
तन्हाई मेरी मिटाने को
दोस्त कोई कहलाने को।

अजीत
आरपीएस (प्रो0) बैच संख्या–47

संकल्प

एक ऐसे समय जबकि राष्ट्र की सीमाओं पर खतरा है और वीर सैनिक अपना शौर्य प्रदर्शित कर रहे हैं, राष्ट्र के प्रत्येक नागरिक के पास अपने राष्ट्र प्रेम, समर्पण व भक्ति को व्यक्त करने का अवसर है। एक पुलिस अधिकारी के रूप में हमारे समक्ष भी आन्तरिक चुनौतियों से निपटने, अपराधों पर नियंत्रण, कानून व्यवस्था बनाए रखने और पुलिस सेवा के माध्यम से राष्ट्र प्रेम प्रकट करने का अवसर है। सिपाही की वर्दी में हमारे भीतर का नागरिक किसी भी सैनिक अथवा देश प्रेमी से कम नहीं है। हमने संकल्प लिया है कि पुलिस अधिकारी के रूप में अपराधों पर नियंत्रण से लेकर आतंकवादी गतिविधियों में लिप्त स्लीपर सेल पर प्रभावी कार्यवाही करते हुए राष्ट्र की सेवा करेंगे और वर्दी का भान रखते हुए कर्त्तव्य पालन करेंगे

''जयहिन्द''

महावीर चोटिया
आरपीएस (प्रो0) बैच संख्या–47

मैं भारत का वोटर हूँ

मैं भारत का वोटर हूँ, मुझे लड्डू दोनों हाथ चाहिए।
बिजली मै बचाऊंगा नहीं, बिल मुझे कम चाहिए।
पेड़ मैं लगाऊंगा नहीं, मौसम मुझे नम चाहिए।
शिकायत मैं करूँगा नहीं, कार्यवाही मुझको तुरन्त चाहिए।
बिना लिए काम न करूँ, भ्रष्टाचार का अंत चाहिए।
पढ़ने को मेहनत न बाबा, नौकरी लालीपॉप चाहिए।
घर के बाहर कूड़ा फेकूँ, शहर मुझको साफ चाहिए।
काम करूँ न धेले भर का, वेतन लल्लनटॉप चाहिए।
एक नेता कुछ बोल गया सो, मुफ्त में पन्द्रह लाख चाहिए।
लोन मिले बिल्कुल सस्ता, बचत पर ब्याज बढ़ा चाहिए।
धर्म के नाम रेवड़ियां खाएँ, पर देश धर्मनिरपेक्ष चाहिए।
जाति के नाम पर वोट दे, अपराध मुक्त राज्य चाहिए।
मैं भारत का वोटर हूँ, मुझे लड्डू दोनों हाथ चाहिए।

सौरभ तिवाड़ी
आरपीएस (प्रो0) बैच संख्या–47

''एक छोटी से उड़ान''

कुछ लिखने की चाह है,
तो हाथ में कलम पकड़.....।
मन में उमड़ते भावों को हर समय
सम्पूर्णता के साँचे में मत जकड़.....।
भले ही डगमगाते तेरे पाँव,
तू मत कर इंतजार, कल दौड़ने का
लड़खड़ाते हुए ही चल मगर, अभी से चल.....।
माना कि खुले और विस्तृत आसमान में
तू ऊँची ही उड़ान भरना चाहे उसी पल,
तेरी अपने छाटे–छोटे पंखों पर जो नजर जाये,
तो पिंजरे में कैद होकर आठों पहर,
उनके बड़े होने का इंतजार मत कर.....।
छोटी ही सही, लेकिन तू उसी पल
एक उन्मुक्त सी उड़ान तो भर.....।

जिनेन्द्र कुमार जैन
आरपीएस (प्रो0) बैच संख्या–47

''पुलिस का समर्पण''
अनुशासन का रूप है ये।
जीवन की कड़ी धूप है ये।।
इससे ही तो उपजेगा
जीवन के होने का गर्व।
अद्भुत है ये पावन पर्व।।
हमको बड़ा गुमान है।
जिम्मेदारी हमारी पहचान है।।
कानून के साधन हम ही हैं।
व्यवस्था हमसे ही बनी है।।
जी–जान अपनी लगाएंगे।
कानून का राज बनाएंगे।।
हम हैं तो फिर जनतंत्र है।
कानून ही हमारा मंत्र है।।
मुफ़लिस को न्याय दिलाएंगे।
आततायी को दहलाएंगे।।
ये ही अब हमारा कर्म है।
ये ही अब हमारा धर्म है।।
करना अब तो बस यही है जाहिर।।
!!आमजन में विश्वास और अपराधियों में डर!!

राजेश आर्य
आरपीएस (प्रो0) बैच संख्या–47

''फिर से वही सार्थ बनो''
कुरूक्षेत्र देखो सज चुका है
युद्ध नगाड़ा बज चुका है।
असमंजस फिर गहरा है
साहस भी हां ठहरा है।
किंकर्त्तव्यविमूढ़ता के इस चरम पर
ऊहापोह के इस स्तर पर
मैं फिर से चुका, धीरज बनता हूँ
तुम फिर से बढ़ता उत्साह बनो।
मैं फिर गांडीव छोड़ रण विरत बनता हूँ
तुम लक्ष्य इंगित कर हाथ बनो।
मैं फिर से वहीं पार्थ बनता हूँ
तुम फिर से वहीं सार्थ बनो।
मैं फिर से वही काली रात बनता हूँ
तुम फिर से उजाला प्रभात बनो।
अब यूं ही मनमोहक मुरली की
ताने ही मत छेड़ो तुम।
समर एक नया शेष है
रथ का वल्गार खींचो तुम।
मैं फिर से जब इस असमंजस में फंसता हूँ
तुम वहीं गीता का सार बनो।
मैं फिर से वहीं पार्थ बनता हूँ
तुम फिर से वहीं सार्थ बनो।

संजना सैनी
आरपीएस (प्रो0) बैच संख्या–47

साथियों अब हम तैयार हैं एक नई उमंग के साथ।
करना है हमको कुछ नया पूरे जज्बे के साथ।।
हर कोई हमारी और देखता है उम्मीद के साथ।
हमें करना है सबकी मदद ईमानदारी के साथ।।
आओ हम सब प्रण करें, अपने कर्मों से परिवर्तन करें।
करके बदलाव सब में, विश्वास का रस भरें।।
कदमों से कदम मिलाकर, प्रगति पथ पर बढ़े चलें।
कुछ नया करें, कुछ सबसे हटकर, कुछ अच्छा करें।
यहाँ से बहुत कुछ सीखकर, हम चले अपनी राह की ओर।
जो भी सीखा उसमें कर देंगे एक नई भोर।।
मन में सिर्फ कर्म रहेगा, नहीं रहेगा कोई दोष।
इन सब वादों के साथ चलते हैं अब कर्मभूमि की ओर।

भूपेन्द्र शर्मा
आरपीएस (प्रो0) बैच संख्या–47

"हर पल में खुश हूँ"

ज़िन्दगी है छोटी–सी
पल–पल में खुश हूँ।
गम हो चाहे आराम हो
पल हर पल में खुश हूँ
पनीर मिले, चाहे पिज्जा खाऊँ
दाल मिले, चाहे पानी गटकूँ,
गाड़ी मिले चाहे, पैदल पथ पार करूँ
बस मैं तो खुश हूँ, पल हर पल में खुश हूँ।
जीवन रूपी छोटी सी यात्रा में
कोई नाराज है कोई क्षुब्ध है।
फिर भी मैं उनके अंदाज–ए–बयां से
स्थिर हूँ, खुश हूँ।
मैं पल हर पल में खुश हूँ।
गुजरा हुआ कल बीत चुका है
कल की मीठी याद में खुश हूँ।
आन वाले कल का पता नहीं
बस उसके इंतजार में ही खुश हूँ।
मैं हर पल–पल में खुश हूँ।
हंसते– रोते बीत रहा है पल
आज में ही खुश हूँ।
छोटी–सी है ज़िन्दगी
हर पल में ही खुश हूँ।
मैं तो पल, हर पल में ही खुश हूँ।

महेन्द्र कुमार पारीक
आरपीएस (प्रो0) बैच संख्या–47

मन तो मेरा भी करता है,
कविता लिखूँ, चारों दिशाओं पर।
मुस्कुराती फिजाओं पर,
महकती हवाओं पर, झूमती लताओं पर।
बल खाती नदियों पर, कल–कल बहते झरनों पर,
हिमालय के चरणों पर।
पर जब भी देखता हूँ।
आतंकी मंजर को, धमाकों के खंजर को,
लुटती–पिटती कलियों को, धुंए भरी गलियों को,
नक्सलवादी नारों को, खुले फिरते हत्यारों को,
जब भी देखता हूँ।
सिसकते हुए बचपन को, बिकते हुए यौवन को,
धक्के खाते बुढ़ापे को, भारत में फैले स्यापे को,
देखता हूँ जब भी।
फांसी लटकते किसान को, समय से पहले बुढ़ाते जवान को,
धक्के खाते बेरोजगार को, घोटाले के अंबार को,
मैं लिख नहीं पाता हूँ।
कामिनी के केशों पर, दामिनी के भेषों पर,
बल खाती चोटी पर।
मुझे दिखती है,
सिर्फ सिसकती माँ भारती, जो हरदम मुझे पुकारती।
इसलिए मैं लिखता हूँ केवल,
सैनिक की सांसों को,
माँ के डर में चुभती फांसों को,
बच्चों के बचपन को,
बूढ़ों की उम्र पचपन को।

दिनेश कुमार यादव
आरपीएस (प्रो0) बैच संख्या–47

"दोस्ती एक प्यार और भरोसा"

सुख–दुख के अफसाने का, दोस्ती एक राज है सदा मुस्कुराने का,
ये पल, दो पल का बंधन नहीं, ये तो फर्ज है उम्र भर निभाने का।
दोस्ती दर्द नहीं रोने–रूलाने का, ये तो अरमान है एक खुशी के आशियाने का,
इसे काँटा ना समझना कोई, ये तो फूल है ज़िन्दगी की राहों को महकाने का।
ये तो फर्ज है उम्र भर निभाने का।
दोस्ती नाम है कुछ खोकर भी सब कुछ पाने का,
खुद रोकर भी अपने दोस्त को हंसाने का।
इसमें प्यार भी है और तकरार भी, दोस्ती तो नाम है,
उस तकरार में भी दोस्त को मनाने का।
ये तो फर्ज है उम्र भर निभाने का।

रघुवीर प्रसाद शर्मा
आरपीएस (प्रो0) बैच संख्या–47

बाधाएं आती हैं आएं
घिरे प्रलय की घोर घटाएं,
पावों के नीचे अंगारे,
सिर पर बरसे यदि ज्वालाएं,
आग लगाकर जलना होगा,
कदम मिलाकर चलना होगा।

हास्य–रूदन में, तूफानों में,
अगर असंख्यक बलिदों में,
उद्यानों में, वीरानों में,
अपमानों में सम्मानों में,
पीड़ाओं में पलना होगा।
कदम मिलाकर चलना होगा।

उजियारों में, अंधकार में,
कल कहार में, बीच धार में,
क्षणिक जीत में, दीर्घ हार में,
जीवन के शत–शत आकर्षक,
अरमानों को ढ़लना होगा,
कदम मिलाकर चलना होगा।

सम्मुख फैला अगर ध्येय पथ
प्रगति चिरतन कैसी इति अब,
सुस्मित हर्षित कैसी श्रम रलथ
असफल, सफल समान मनोरथ,
सब कुछ देकर कुद न मांगते,
पावस बनकर ढ़लना होगा,
कदम मिलाकर चलना होगा।

कुछ कांटों से सज्जित जीवन,
प्रखर प्यार से वंचित यौवन,
परहित से मुखरित मधुबन,
परहित अर्पित अपना तन–मन,
जीवन को शत–शत आहुति में,
जलना हो, गलना होगा,
कदम मिलाकर चलना होगा।

ओमप्रकाश चौधरी
आरपीएस (प्रो0) बैच संख्या–47

"मेरे जीवन का सच"

तकदीर बनाने वाले ने, कितने ही रंग सजाये हैं।
किसी पे बरसे नजराने तो, किसी को मिली सजायें हैं।
है खेल गजब ये किस्मत का, क्या–क्या जीवन में होता है।
कभी फकीरा हँसता है तो, कभी कबीरा रोता है।
हाथों की चंद लकीरों ने, कुछ मंजर दिखलाये हैं।

साथियों अब हम तैयार हैं
एक नई उमंग के साथ।
करना है हमको कुछ नया
पूरे जज्बे के साथ।।

हर कोई हमारी और देखता है
उम्मीद के साथ।
हमें करना है सबकी
मदद ईमानदारी के साथ।।

आओ हम सब प्रण करें
अपने कर्मों से परिवर्तन करें।
करके बदलाव सबमें
विश्वास का रस भरें।।

कदमों से कदम मिलाकर
प्रगति पथ पर बढ़े चलें।
कुछ नया करें, कुछ सबसे हटकर
कुछ अच्छा करें।।

यहाँ से बहुत कुछ सीखकर
हम चले अपनी राह की ओर।
जो भी सीखा उसमें कर देंगे
एक नई भोर।।

मन में सिर्फ कर्म रहेगा
नहीं रहेगा कोई दोष।
इन सब वादों के साथ चलते हैं
अब कर्मभूमि की ओर।

भूपेन्द्र शर्मा
आरपीएस (प्रो0) बैच संख्या–47

निकले थे छूने अंबर को पर, लौट के घर को आये हैं।
जब तेज मुकद्दर होता है तब अजब तमाशा होता है।
जो कल तक फिरता सड़कों पर, वो अब महलों में सोता है।
नसीब भी आजमाता है हमको कितने गहरे पानी में हैं।
हम, पर्वत से जा टकरा बैठे, बस अपनी यहीं रवानी है।

रोशन लाल पटेल
आरपीएस (प्रो0) बैच संख्या–47

''खाकी''

तीन रंग का तिरंगा हमारा,
बात एक रंग की बाकी.....
आर्मी, नेवी, एयरफोर्स को सलाम,
जिसकी बात अनोखी.....खाकी.....
बचपन से चोर पुलिस है खेले.....
कोई ना इसमें बाकी
सारी तादात चोर बनती...
हम बनते थे खाकी.....
लो पहुँचे है आज मुकाम पे,
मकसद अभी है बाकी.....
मुल्क में मेरे चैन अमन का
रंग लायेगी खाकी.....
कोई हो त्यौंहार या हो दंगा फसाद,
हाजिर रहती ये खाकी...
नींद और आलस है हराम,
परिश्रम करती ये खाकी.....
अपने लोगों की सुरक्षा खातिर,
दाँव पे जान लगाती खाकी.....
घर परिवार खुशियाँ और सुख,
भूल जाती ये खाकी.....
देख के खुश हिन्दुस्तान को,
खुश रहती ये खाकी.....
जब–जब आया संकट कहीं,
हम बनते जज़्बाती
फर्ज निभाती खाकी...
जब–जब भेड़ियों के झुण्ड ने घेरा,
बंद इशारों की बू आती.....
शेर बन के दहाड़ती,
एक ही खाकी काफी...
सर पर अपने कफन बाँध कर,
मुस्कुराती खाकी.....
कब्र में अपना पाँव रख,
झूमती रहती खाकी.....

कभी बीबी रहती नाराज
एक पिता ना बेटे के पास
और कभी दिल के टुकड़े जैसी
बेटियाँ रोती चिल्लाती.....
बुढ़े बाप की आँखें
हमारी आस लगाती
जब–जब माँ का फोन आता
एक बार घर आजा बुलाती.....
तब हम कुछ ना बोल पाते
पर खाकी बोल जाती.....
हमें कसम है
भारत माँ की.....
कुछ जयहिंद लिखी हुई गोलियाँ है
और हैं सरफरोश लाठी.....
लेकर साथ हर पल, हर वक्त,
रक्षा करें भारत माँ की.....
और आप हमारी फिक्र ना करना,
हमारे साथ रहती हर वक्त
दुआयें जनता की ओर बहनों की राखी.....
फर्ज कुछ इस तरह निभाएँगे
आप लिख लो
अगर मौत भी आये
तो सैल्यूट करेगी
जान लेने से पहले कहेगी
''आना है तो आइये साथ''
या फिर थोड़ा फर्ज निभाइये,
आप रूकिये मैं देख के आती हूँ
क्या कहीं है जुर्म बाकी।''
यकीन ना हो तो देख लेना,
जब शहीद होंगे हम.....
हमारा लहू भी होगा खाकी,
हमारा लहू भी होगा खाकी.....
हमारा लहू भी होगा खाकी.....
जुर्म को दस्तक देके कहो,
खाकी.....खाकी.....खाकी.....

अतुल साहू
आरपीएस (प्रो0) बैच संख्या–47

''नारी''

नारी तुम केवल श्रृद्धा नहीं,
तू ब्रह्म–विद्या स्वरूप है।
रिद्धि–सिद्धि अन्नपूर्णा,
और शक्ति पुंज का रूप है।
सहनशीलता और त्याग का,
तू ही अकूत भण्डार है।
ममता स्नेह और समर्पण,
तेरा ही निःशब्द प्यार है।
पंचभूत को देकर आकार,
तुमने ही जग को बनाया है।
क्या होता है स्व बलिदान,
यह तुमने ही तो बतलाया है।
जननी बनकर तुमने ही,
गर्भ में मानव को पाला।
पर मनुज ने आज देखो,
तेरा अस्तित्व हिला डाला।
माँ को बनाया दुखयारी,
और दासी बनाया दारा को।
कैसा विचित्र दौर है आया,
अब मोड़ भी दे तू धारा को।
कदम बढ़ाओं अपने आगे,
और अपनी स्व पहचान करो।
समस्त सृष्टि आह्वान करे,
कि मुझ पर ये एहसान करो।
मुझ पर ये एहसान करो।
मुझ पर ये एहसान करो।।
हाँ हाँ.... मैंने अब बढ़ाये कदम,
अपनी पहचान को बनाया है।
धरती पर ही नहीं अब तो,
अंतरिक्ष तक नाम पहुंचाया है।

अब नहीं मैं अबला नारी,
दुनिया को ये दिखलाया है।
कदम से कदम मिलाकर,
मनुज को सिखलाया है।

अंजुम कायल
आरपीएस (प्रो0) बैच संख्या–47

R.P.A. My Exploration

I believe words have wings
They can reach where no one could
Convey that your heart would
Pure, divine, beyond borders
Feelings and emotions soldered

I wanted to pen down so many things
Activities that RPA has bring
Riding, swimming, running and gaming
Sometimes no matter how much you write
They just don't convey how and what you feel
It's one such moment for me
Want to write, write and write

Eight months have passed though
That are witness to how well did I grow
At times rising high, at times at my low
But now when I look my life shows
There is so much that I know

From cries to laughter, pain to pleasure
There is so much that I would treasure
Things and feelings beyond measure
Life at RPA has given me way to love and leisure

I leave RPA after completing my training
Initially it was so straining and complaining
But now it's pouring and raining
So many thing which are beyond explaining
It was experience worth gaining

Dr. Priyanka
RPS (Pro.) Batch No-47

"Positive Thinking"

A life of success and achievement is a direct result of utilizing the power of positive thinking. Your thoughts are the most important asset you have in your journey to achieve your dreams. They affect you in ways never thought possible. The truth is whether you know it or not, your thoughts are responsible for whatever place or situation you are in right now.

The thoughts have power and energy. They can drive your life just as electricity drives a motor. If you choose positive thoughts you will enjoy positive energy and positive results.

Take an example of a garden. If planted with beautiful plants and carefully nurtured and tended to, the garden will yield beautiful flowers and be a place of comfort, beauty and peace. If neglected, weeds will creep in and destroy the beauty and yield thorns, destruction and harshness.

It is the same with the mind. If you plant beautiful, healthy thoughts into your mind will reap a beautiful and healthy life. If you plant negative thoughts you will reap destruction and despair in your life.

Any self improvement programme or journey of personal development starts with your thoughts. Master your thoughts first, then you can master your environment and circumstances.

Always remember "life's battles do not always go to the stronger and faster man, but sooner or later the man who wins is the man who thinks he can."

Mahendra Kumar Sharma
RPS (Pro.) Batch No-47

''एक सराहनीय कदम–नारी समाज का पुलिस प्रवेश''

भारतीय नारी शक्ति और अनुशक्ति में सदैव अग्रणी रही। उसने सदा सरस्वती बन विद्या, धन की देवी लक्ष्मी बन श्री संपदा और दुर्गा बन सदैव सुरक्षा प्रदान की।

आध्यात्म के क्षेत्र में मैत्री, गार्गी आदि ने वैदिक ऋचाओं का उद्घोष किया तो सप्त मातृका और चौसठ योगिनी बन लोक मानस का संरक्षण किया। महारानी कैकेयी ने देवासुर संग्राम में समर भूमि में युद्धरत दशरथ के रथ का पहिया ठीक कर विजय दिलाई। जौहर की ज्वालाओं में जल कर आन–मान और मर्यादा के संरक्षण में नारी ही अग्रणी रही है।

मध्यकाल, स्वतंत्रता संग्राम और आज की राजनीति में झांसी की रानी राजकुमारी, कस्तुरबा गाँधी, आयरन लेडी इंदिरा गाँधी की देन से सारा संसार अवगत है। वस्तुतः नारी जीवन में करूणा, दया, पोषण, संरक्षणात्मक भावना सदैव से रही है।

बदलते परिवेश में बालक–बालिकाओं में शिक्षा का बाहुल्य हुआ तो प्रशासन थल सेना, नौ सेना तथा वायु सेना के साथ पुलिस और न्यायपालिका तक में नारी समाज का प्रवेश होने लगा। पुलिस में कार्य करते हुए माननीया किरण बेदी ने जो साहसिक कार्य किये वे स्वर्णाक्षरों में अंकित करने योग्य हैं।

संभवतः जन्मजात रक्षात्मक भावना के कारण ही मैंने पुलिस सेवा कार्य को चुना क्योंकि एक नारी दूसरी नारी से नाना प्रकार की असहज, अशोभनीय कृत्यों को निर्भीकता पूर्वक प्रकट कर सकती है। उस तरह पुरूष के सम्मुख नहीं। मुझे स्मरण है मेरे संग शिक्षा और प्रशिक्षण लेने वाली बालिकाओं और महिलाओं से अनेकानेक विषयों पर जब संवाद चलता था तो मुझे लगता था कि नारी ही सरस्वती, लक्ष्मी और दुर्गा बन कर विद्या, धन, सुरक्षा और विजय दिला सकने में पुरूष से अधिक सक्षम है।

प्राप्त शिक्षा व प्रशिक्षण के दौरान जिन सुप्रशिक्षकों ने मुझे पुलिस विभाग में रहते हुए समाज सेवा विशेष कर नारी समाज सेवा, नारी के सुरक्षात्मक पहलूओं को सामने रखा उससे मेरी प्रसुप्त धारणाओं को अभिनव चेतना तथा जागृति मिली। मैं चाहती हूँ ऐसी गरिमामय सेवा में आकर नारी समाज में पुलिस द्वारा नारी को सुरक्षा, संबल तथा संरक्षात्मक कवच मिल सके।

मैं एक बार पुनः उच्च पदासीन नारी पुलिसकर्मियों का हार्दिक अभिनन्दन करती हूँ उन्हीं के सराहनीय कृत्य अधीनस्थ नारी पुलिसकर्मियों के प्रेरक बनते हैं।

प्रेम धणदे
आरपीएस (प्रो0) बैच संख्या–47

संध्या यादव
आरपीएस (प्रो0) बैच संख्या–47

'' राजस्थान पुलिस''

हाँ राजस्थान पुलिस का कर्मठ सिपाही होकर मैं गौरवान्वित हुआ।

मन–तन धन्य हुआ, घर, परिवार और समाज बहार हुआ।

अब इस सेवा की जिम्मेदारी का मुझ पर अधिकार हुआ।

मुझे ऊऋण होना है, होना है, गरीब, दलित असहाय, आमजन का संरक्षक होना है।

राष्ट्र सेवा, जन सेवा को सिरमौर बनाना है।

हे ईश्वर, हे परमशक्ति, सर्वश्रेष्ठ, सत्यमान शक्ति

ऐसी ताकत, कर्त्तव्यनिष्ठा, दृढ़ इच्छाशक्ति देना तू मुझको,

कि मैं मेरे इंसान होने का परिचय देकर पुलिस सेवा की भूमिका को आमजन की सेवा में समर्पित कर सकूँ। हे परमपिता परमेश्वर तेरी रजा मुझ पर हो, ऐसी कि मैं मेरे इंसान होने का सर्वश्रेष्ठ, पुलिस सेवा को दे सकूँ।

मेरे मन की अभिलाषाओं, उत्कंठाओं के साथ मैं राजस्थान पुलिस सेवा 2015 में चयनित होकर समाज और राष्ट्र को अपना सर्वश्रेष्ठ देने की भावना रखते हुए असहाय, निर्बल, गरीब, आमजन के आँसू पौंछते हुए उनकी ताकत बनने का संकल्प लेता हूँ और ईश्वर से प्रार्थना करता हूँ कि, हे ईश्वर मुझे मेरे कर्त्तव्य निर्वहन में सदैव संबल प्रदान करना, आशीष देना।

एक बात और पुलिस और आमजन के बीच की खाई को पाटने और ''आमजन में विश्वास और अपराधियों में भय'' वाली पुलिस की छवि को स्थापित करने में मैं सदैव तत्पर रहकर कर्त्तव्यनिष्ठा से अपनी जिम्मेदारी वहन करना चाहता हूँ।

मेरी यह अभिलाषा भी है कि पुलिस की वर्तमान भूमिका को सामाजिक आवश्यकताओं के अनुसार बनाया जाना चाहिए ताकि पुलिस नये–नये उभर रहे अपराधों पर काबू पाते हुए राष्ट्र और समाज की कानून व्यवस्था को बनाए रखते हुए अमन–शांति कायम कर निर्बल, असहाय, गरीब और सर्वसमाज–राष्ट्र को नई ऊँचाईयों तक ले जाकर उसके विकास पथ में आने वाले अनेक रोड़े–बाधाओं से निपटते हुए उन्हें विकास का एक सुरक्षित रास्ता प्रदान कर सकें।

सरदार वल्लभ भाई पटेल ने कहा था कि ''वर्तमान पुलिस की भूमिका विविधतामयी और अहम है, समाज को सही रास्ता, सुरक्षित रास्ता प्रदान करने में जितनी भूमिका पुलिस की है उतनी समाज के किसी अन्य राजनीतिक या प्रशासनिक संगठन की नजर नहीं आती।''

ऋषिकेश मीना
आरपीएस (प्रो0) बैच संख्या–47

''सिपाही और जवान''

हे सीमा पर प्रहरी वीर जवान
तुम्हें सभी मानते तिरंगे की शान,
हमारी स्वतंत्रता, हमारी आन,
का तुम हर करते संधान।
तुम लेते बाहरी दुश्मनों से लोहा,
करके न्यौछावर अपने प्राण,
तुम्हें पूजता राष्ट्र है पूरा,
क्योंकि तुम हो देश की शान।
वर्दीधारी मैं भी हूँ,
करता तिरंगे का उतना ही मान,
देश के लिए तत्पर रहता,
देने को अपने प्राण।
वतन की खातिर मैं भी,
करता उतने ही बलिदान,
मैं हूँ लड़ता देश के भीतर पनपे जहर से,
दे कर कर अपने प्राण।
तुम करते हो सीमा की रक्षा,
मैं करता सभी के परिवारों की सुरक्षा,
तुम लेते प्रत्यक्ष दुश्मन से लोहा,
मैं प्रतिदिन लड़ता देश के गद्दारों से।
हे सीमा के प्रहरी, तुम्हें नहीं पता,
कि दुश्मन घर के अन्दर भी फैला है,
छद्म रूप में घुस बैठा है,
भीतर –भीतर डस रहा है,
पीठ में छुरा घोंप रहा है।
मैं करके सारे त्याग,
परिवार और त्योहार,
डटा है जयचंदो से लड़ने के लिए,
मातृभमि की रक्षा के लिये।

मैं वीर सपूत हूँ भारत मां का,
मैं भी खेलता अपनी जान से,
पर क्यों नहीं समाज समझता,
मेरे बलिदान को ?
हे सहोदर, हे सहधर्मी, मेरे अभिमान,
मेरी वेदना तू ही समझ सकता है,
भारत मां से कहना कि तेरा,
वीर सिपाही पुत्र उसके लिए,
अपना सर्वस्व बलिदान करता है।
हे सीमा के वीर जवान,
क्या मैं शहीद न कहलाऊँगा ?
अपना सब कुछ देश को अर्पण,
करके भी गौरव न पाऊँगा,
क्या अपनी जान गंवा कर भी,
शहीद कभी न कहलाऊँगा,
हे सीमा के प्रहरी, वीर जवान,
मैं भी तेरे जैसा हूँ, राष्ट्र धर्म भी है समान,
है तिरंगा मेरी आन।
हे सीमा के प्रहरी, वीर जवान,

डॉ. सीमा चौहान
आरपीएस (प्रो0) बैच संख्या–47

गुलाब सी बेटियाँ''

वीरान गुलशन में महकती गुलाब सी होती हैं बेटियाँ
जिन्दगी की उलझनों का जवाब सी होती हैं बेटियाँ
माँ के आँचल से लिपटकर देखती जो मीठे ख्वाब
बाप की सूनी आँखों में आब सी होती हैं बेटियाँ.....
लांघकर प्राचीरें जाती हैं पार आसमान के
आफतों की रातों में महताब सी होती हैं बेटियाँ.....?
इनके होने से महकता प्यार की खूशबू से मन
मौजों के दरिया का इक सैलाब सी होती हैं बेटियाँ.....
शरमाता जिनके आगे हर आँगन का सूनापन
जिन्दगी में खुशियों का इक राज सी होती हें बेटियाँ.....
अब भी नहीं समझी 'मनु' इन नफरतों की भाषा को
काश सभी पढ़ पाते कि किताब सी होती हैं बेटियाँ.....

''प्रशिक्षण के पूर्वार्द्ध में.....प्रशिक्षण के उत्तरार्द्ध में''

प्रशिक्षण के पूवार्द्ध में....

तालीम–ए–आगाज में यूं अजनबीयत का खौफ था
हर पहर हर–सूँ यही बेगानेपन का दौर था।
बैठना खामोशियों से यूं परिन्दों की तरहा
मुस्कुराते चेहरों पर मासूमियत का जौहर था।
वो पहले–पहल मिलना आईनों की तरहा
बस हमारी आपकी मुलाकातों का शोर था।
अलसुबह यूं कसरतों का फिक्र था और जिक्र था
नफरियों पर व कदम से कदम मिलाने पर जोर था।
वो इण्डोर क्लास की कुर्सियों पे झपकियाँ
ब्रेक में चाय की चुस्कियाँ,
क्लास की अंतिम घंटी पर शिद्दतों से गौर था।
हर शाम दौड़ चाल, वाकिंग चाल में खोयी थी
और सहर एक–दो–एक में सोयी थी।
काफिलों के बीच भी बस और सन्नाटे का माहौल था..

''प्रशिक्षण के उत्तरार्द्ध में''.....

अब लगता है बा–खुदा हम आज तक अजनबी क्यों थे
पास रहकर दूर थे इतने बदनसीब क्यों थे।
एक प्रांगण में सवेरा, शाम की बेला
एक थाली में कलेवा, मजहबी क्यों थे....
हर शक्ल ढूंढ़ते थे हम कोई अपना
फासले फिर भी यहाँ इतने अजीब क्यों थे.....
चंद दिनों में इस सफर का कारवाँ रूक गया
सब यहाँ नायाब थे पर दिलनशीं क्यों थे.....
जी ले इन पलों को 'मनु' ये वजह ना आयेगी दुबारा
याद आयेगी ये रूत, ये दिन हसीं क्यों थे।

''प्यारा इण्डोर''

सुबह–सुबह पी.टी. से पहले
पांच कि.मी. की लगती दौड़
थके हारे कैडेट का सहारा
एकमात्र अपना इण्डोर ।
आई.पी.सी., सी.आर.पी.सी. पर भारी
फैकल्टी के लेक्चर अमाप
अनथक प्रयास हम करें
पर पलकें बंद हो अपने आप।
बीमारों का एकमात्र सहारा
कुंभकरणों का पालनहारा
मकरागिरी करने का
और ना जब कोई मिलता ठौर
रह–रहकर तब याद आवे
अपना प्यारा इण्डोर
सबसे प्यारा इण्डोर।।

मनस्वी चौधरी
आरपीएस (प्रो0) बैच संख्या–47

राजस्थान पुलिस अकादमी उत्तरी जोन में सर्वश्रेष्ठ पुलिस अकादमी घोषित

केन्द्रीय गृह मन्त्रालय की ओर से राष्ट्रीय स्तर पर सर्वश्रेष्ठ अकादमी की प्रतिस्पर्द्धा में राजस्थान पुलिस अकादमी को उत्तरी भारत की सर्वश्रेष्ठ अकादमी घोषित किया गया है। इस चयन प्रकिया में राजस्थान पुलिस अकादमी ने उत्तर जोन के विभिन्न राज्यों यथा जम्मू एवं कश्मीर, पंजाब, हरियाणा, हिमाचल प्रदेश व दिल्ली की पुलिस अकादमियों से कडी प्रतिस्पर्द्धा की।

अन्तिम रुप से राजस्थान पुलिस अकादमी को उत्तरी जोन की सर्वश्रेष्ठ अकादमी घोषित किया गया है। यह चयन अकादमी के निर्धारित मानकों, आधारभूत प्रशिक्षण, रख रखाव तथा प्रशिक्षण की गुणवत्ता के आधार पर किया गया है। इस चयन पर केन्द्रीय गृह मन्त्रालय की ओर से दो लाख रुपये की इनामी राशि आधारभूत सुविधाओं के विकास के लिए प्रदान की जाएगी।

दिनांक 24.11.2016 को महानिदेशक, पुलिस अनुसंधान एवं विकास ब्यूरो, गृह मन्त्रालय भारत सरकार द्वारा जारी विज्ञप्ति में इस आशय की पुष्टि की गई है तथा राजस्थान पुलिस अकादमी को उत्तरी भारत की सर्वश्रेष्ठ अकादमी के चयन की उपलब्धि पर अकादमी के निदेशक श्री राजीव दासोत को बधाई दी है।

अकादमी के निदेशक श्री राजीव दासोत ने उत्तरी जोन की सर्वश्रेष्ठ अकादमी में राजस्थान पुलिस अकादमी के अन्तिम रुप से चयन पर अकादमी के सभी अधिकारियों एवं कर्मचारियों को बधाई दी है तथा अकादमी को राष्ट्रीय स्तर पर सर्वश्रेष्ठ अकादमी बनाने के सर्वश्रेष्ठ प्रयास करने का आह्वान किया है।

प्रशिक्षण गतिविधियाँ

प्रशिक्षण गतिविधियाँ

प्रशिक्षण गतिविधियाँ

प्रशिक्षण गतिविधियाँ

प्रशिक्षण गतिविधियाँ

प्रशिक्षण गतिविधियाँ

प्रशिक्षण गतिविधियाँ

प्रशिक्षण गतिविधियाँ

प्रशिक्षण गतिविधियाँ

प्रशिक्षण गतिविधियाँ



प्रशिक्षण गतिविधियाँ



प्रशिक्षण गतिविधियाँ

देवेन्द्र सिंह राजावत
पुत्र श्री नरेन्द्र सिंह राजावत
आलराउण्ड बेस्ट
इण्डोर बेस्ट

सौरभ तिवाड़ी
पुत्र श्री रामेश्वर दयाल
आउटडोर बेस्ट
फायरिंग बेस्ट



कौमी एकता की शपथ लेते हुए

तीज महोत्सव में महिला आर. पी. एस. (प्रोबे.) अधिकारी

आर. पी. एस. बैच संख्या 47

राजस्थान पुलिस अकादमी, जयपुर